Title : Regarding need to provide a railway link connecting Chintapurni, Paragpur, Jwalamukhi and Ranital in Himachal Pradesh.

(viii) Need to provide a railway link connecting Chintapurni, Paragpur, Jwalamukhi and Ranital in Himachal Pradesh

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन और रेल मंत्री जी का ध्यान हिमाचल प्रदेश में आजादी से अब तक रेलों के नगण्य विस्तार की ओर आकर्षित करते हुए निवेदन करना चाहता हूं कि निर्माणाधीन एकमात्र ब्रॉडगेज रेल लाइन ऊना-तलवाड़ा वर्तमान में ऊना से चुरूडू तक बन चुकी है और अम्ब से तलवाडा तक का कार्य प्रगति पर है। मेरा आग्रह है कि इस रेल लाइन को अम्ब से चिन्तपूर्णी, परागपुर (हैरीटेज विलेज), नादौन और ज्वालामुखी होते हुए रानीताल तक बनाया जाये तो ज्यादा उपयोगी होगा और हिमाचल प्रदेश की सरहद से निकलने के साथ साथ यह हिमाचल के बीच से निकल सकेगी, जिसका लाभ हिमाचल निवासियों को मिलेगा। इससे हैरीटेज विलेज परागपुर तथा हमीरपुर जिले के तहसील मुख्यालय नादौन के साथ साथ ज्वालामुखी, बृजेश्वरी एवं चिन्तपूर्णी आदि विश्व विख्यात देवियों के धार्मिक स्थल भी जुड़ेंगे और रेलवे की आय भी बढ़ेगी।